कार्यालय–अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, अलीगढ़।

पत्रांक 1268 / अभि0अनु0 / एडीए / 2026–27

ई–प्रोक्योरमेण्ट नोटिस

दिनांक: 18/05/ 2026

उपाध्यक्ष, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण की ओर से अलीगढ़ विकास प्राधिकरण में पात्र श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से (परसेन्टेज रेट) निविदा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की सिंगल बिड पद्धति के आधार पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	धरोहर धनराशि (लाख रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) मय 18%जी.एस.टी.	कार्य पूर्ण करने का समय	निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि व समय	तकनीकी बिड / प्राईज बिड खोलने की तिथि व समय	ठेकेदारों की श्रेणी
1	संजीव नगर अलीगढ़ में सतेन्द्र से कालीचरन तक सडक व नाली निर्माण कार्य।	28.42	0.57	5100/–	03 माह	दिनांक 02.06.2026 समय 12:00PM	दिनांक 02.06.2026 समय 03:00PM	श्रेणी 'सी' एवं 'डी'

1. निविदा प्रपत्र के मूल्य की धनराशि डिमाण्ड ड्राफ्ट (बिना वापसी), जो उपाध्यक्ष, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण, अलीगढ के पक्ष में देय हो, के द्वारा भुगतान करना होगा।
2. निविदा की धरोहर धनराशि (बिड सिक्योरिटी) की एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 राष्ट्रीयकृत बैंक की हो तथा उपाध्यक्ष, अलीगढ विकास प्राधिकरण अलीगढ के पक्ष में बन्धक हो, मान्य होंगी।
3. बिड डाक्यूमेन्ट ऑन–लाईन बेवसाइट http://www.etender.up.nic.in पर तालिका में अंकित तिथि व समय तक अपलोड/सबमिट की जा सकती है।
4. निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेब साईट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है, जो निःशुल्क है। निविदायें ऑनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। आकांक्षी निविदादाता जिन्होंने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड नहीं प्राप्त किया है, वे ई–टेण्डरिंग के माध्यम से भाग लेने हेतु वेबसाइट http://www.etender.up.nic.in पर आवेदन कर सकते हैं।
5. निविदादाता द्वारा निम्नांकित प्रपत्र उपरोक्त साईट पर स्कैन कर अपलोड करने के पश्चात उसकी हार्ड कॉपी अधिशासी अभियन्ता, अलीगढ विकास प्राधिकरण, अलीगढ के कार्यालय में निविदा खोले जाने की तिथि व समय तक पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से उपलब्ध कराना अनिवार्य है। ऐसा न किये जाने की दशा में निविदा नान–रिस्पान्सिव घोषित कर दी जायेगी।
   (अ) निविदा मूल्य सम्बन्धी मूल डिमाण्ड ड्राफ्ट।
   (ब) बिड सिक्योरिटी (बिड डाक्यूमेण्ट के अनुसार अनुमन्य रूप में) मूल (ओरिजनल) रूप में।
   (स) निविदादाता द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं की सत्यता के सम्बन्ध में शपथ पत्र मूल रूप में।
6. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से कम.से कम 90 दिन वैध होगी।
7. बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
8. निविदा की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आगणन की धनराशि 02 प्रतिशत धनराशि Earnest Money के रूप में जमा करनी होगी। ऑफर लेटर प्राप्त होने के बाद अनुबंध के समय 08 प्रतिशत सिक्योरिटी धनराशि के रुप में एफडीआर जमा करनी होगी अन्यथा कि स्थिति में अनुबंध निरस्त करते हुए ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही की जायेगी। यह Security कार्य पूर्ण होने के दो वर्ष के पश्चात कार्य के संतोषजनक पाये जाने के बाद ही वापस की जायेगी।
9. निविदा प्रपत्रों में वांछित सूचनाओं से सम्बन्धित विवरण, योग्यताओं, अर्हताओं, कार्य का प्लान, ड्राइंग, विशिष्टियों एवं कार्य की मात्रा, कार्य की श्रेणी तथा शर्तें, जिनको पूर्ण करना अनिवार्य है, को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से 05.00 बजे तक सम्पर्क कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
10. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
11. किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, अलीगढ़ विकास प्राधिकरण में निहित होगा। उपाध्यक्ष का निर्णय अन्तिम एवं मान्य होगा।
12. उक्त कार्यो हेतु कार्य की अनुमानित लागत का कम से कम 80 प्रतिशत का 01 कार्य अनुभव/अनुमानित लागत के 50 प्रतिशत के 02 कार्य अनुभव/अनुमानित लागत का 40 प्रतिशत के 03 कार्य अनुभव होना अनिवार्य है।

विस्तृत विवरण व शर्तो का अवलोकन http://www.etender.up.nic.in वेबसाइट पर उपलब्ध निविदा प्रपत्रों में देखे जा सकते है। किसी भी प्रकार के सिस्टम फेलियर के कारण हुई देरी जो कि नियोक्ता से सम्बन्धित नहीं हैं, के सम्बन्ध में नियोक्ता का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। निविदादाता का यह दायित्व होगा कि वह बिड से सम्बन्धित अपलोड सिस्टम से स्वयं प्राप्त करें इस हेतु नियोक्ता का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

अधिशासी अभियन्ता,
अलीगढ विकास प्राधिकरण,
अलीगढ़।

पत्रांक / तददिनांक

प्रतिलिपिः– 1. उपाध्यक्ष महोदय को सादर सूचनार्थ।
2. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अभियन्ता,
अलीगढ विकास प्राधिकरण,
अलीगढ़।

Signature Not Verified

Digitally signed by MANOJ KUMAR SHARMA
Date: 2026.05.20 15:10:24 IST
Location: Uttar Pradesh-UP